आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा– सरकार संशोधित जीएसटी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए 54 उत्पादों की कीमतों पर लगातार पैनी नज़र रख रही है।
- इसरो के चंद्रयान–2 ने पहली बार चंद्रमा पर सौर विस्फोट के प्रभाव का पता लगाया।
- रंगारंग कार्यक्रम के साथ विरासत महोत्सव का समापन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के स्टॉल रहे विशेष आकर्षण का केंद्र।
- प्रदेश में प्रकाश पर्व त्यौहार दीपावली की धूम। "वोकल फॉर लोकल" अभियान के तहत लोग स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे।

वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि संशोधित जीएसटी दरों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के दूसरे चरण से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है। वित्त मंत्रालय चौवन उत्पादों की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संशोधित कर ढांचे का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। वित्तमंत्री कल नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पोर्टलैंड सीमेंट के दो ब्रांडों में से एक को छोड़कर सभी सीमेंट कंपनियों ने कीमतों में कटौती की है, इसी प्रकार दूध और दूध से संबंधित वस्तुओं के दाम भी कम किए हैं, 54 विशेष वस्तुओं के संबंध में, हमें क्षेत्रीय स्तर पर जानकारी मिल रही है, हम आश्वस्त हैं कि ऐसी प्रत्येक वस्तु का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन जीएसटी सुधारों का कार्यान्वयन लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद के बीच सहयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दरों में कमी, प्रक्रिया को सरल बनाना, स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करना और वर्गीकरण संबंधी मुद्दों का समाधान समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कटौती का लाभ जो उपभोक्ता को मिलना चाहिए था, वह मिल रहा है और उससे अधिक लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है, इसलिए जीएसटी में की गई नई कटौती का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रत्येक वस्तु जो आम नागरिकों के दैनिक जीवन से संबंधित है, उसका लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया गया है।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में, घोषणा की है कि उसके चंद्रयान–2 ने अपने वैज्ञानिक उपकरण का उपयोग करके सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के चंद्रमा पर पड़ने वाले प्रभावों का पहली बार अवलोकन किया है। इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल और पतले वायुमंडल तथा उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी।

पुलिसकर्मी घायल

देहरादून के आराघर टीजंक्शन पर पुलिस पिकेट ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिस कर्मियों द्वारा एक वाहन को रोकने पर चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनको तत्काल प्राथमिक चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। देहरादून वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने घायल पुलिस कर्मियों का हाल जाना और उनके बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सको से वार्ता की। घटना में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विरासत मेला

राजधानी देहरादून में आयोजित विरासत मेले में इस बार सूचना एवं लोक संपर्क विभाग का स्टॉल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी और युवा पहुंचकर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

स्टॉल पर प्रदर्शित डिजिटल स्क्रीन, पोस्टर, वीडियो और इंटरेक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आगंतुकों को केंद्र और राज्य योजनाओं की जानकारी सरल व रोचक ढंग से उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में युवाओं का कहना है कि इस तरह के प्रदर्शन जानकारीपूर्ण होने के साथ ही प्रेरणादायक हैं, इससे सरकार की उपलब्धियों और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी मिलती है। लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेले में लगाए गए ऐसे जन–जागरूकता स्टॉल जनता तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाने का एक प्रभावी माध्यम हैं।

इस बीच 15 दिन तक चलने वाले विरासत महोत्सव का कल रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। कौलागढ़ स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर स्टेडियम में चले महोत्सव में देशभर के नामी और शाही कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से दूनवासियों को मंत्रमुग्ध किया। शनिवार को जहां धनतेरस की महफिल विरासत के मेहमानों से गुलजार रही तो वही दीपावली के लिए जमकर खरीदारी की।

दीपावली

प्रकाश पर्व दीपावली पर आज प्रदेश भर में शहर से लेकर गांवों तक रौनक है। लोग दीपावाली को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाने में जुटे हैं। इसके लिए लोगों ने घरों, सरकारी दफ्तरों, निजी संस्थानों और दुकानों की रंग–रोगन और साफ–सफाई की है। इस दौरान निजी संस्थानों, बाजारों और घरों को रंगोली, फूलों और रंग–बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। चारों ओर दीपों की रोशनी और रंग–बिरंगी सजावट ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया है। इस अवसर पर लोग जमकर ख़रीदारी कर रहे हैं। कल धनतेरस पर बाजारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के अलावा छोटे स्तर पर व्यापार करने वाले लोग, जैसे कुम्हार, कारीगर और दिवाली का सामान बनाने वाले घरेलू उत्पादक भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" अभियान के तहत लोग स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस दौरान मिट्टी के दीये, लक्ष्मी–गणेश की प्रतिमाएं, घर की सजावट का सामान, फूल–पत्तियां, पूजा का सामान, बिजली की रंग–बिरंगी लड़ियां, मिठाई–नमकीन, कपड़े, हैंडीक्राफ्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग देखी गई। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों में काफी उत्साह है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इन त्योहारों की उज्ज्वलता सबके जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार से प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि दीपों की यह पावन ज्योति सभी के जीवन को ज्ञान, आनंद और समृद्धि से आलोकित करे।

भैरवनाथ

श्री केदारनाथ धाम के क्षेत्ररक्षक भकुंट भैरवनाथ जी के कपाट धनतेरस के अवसर पर विधिवत पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने से पहले श्री केदारनाथ मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई तथा भोग अर्पित किया गया।

भैरवनाथ जी के कपाट बंद होने के साथ ही श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की तैयारियाँ तथा पंचमुखी डोली की पूजा–अर्चना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट 23 अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।

जबकि उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को व यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्टूबर को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि "स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" के आह्वान से देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को जीएसटी में छूट देकर बड़ा उपहार दिया है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि "महिलाओं का सशक्तिकरण ही परिवार और समाज को मजबूत बनाता है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर नागरिक अब वोकल फॉर लोकल की भावना से जुड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा– सरकार संशोधित जीएसटी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए 54 उत्पादों की कीमतों पर लगातार पैनी नज़र रख रही है।
- इसरो के चंद्रयान–2 ने पहली बार चंद्रमा पर सौर विस्फोट के प्रभाव का पता लगाया।
- रंगारंग कार्यक्रम के साथ विरासत महोत्सव का समापन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के स्टॉल रहे विशेष आकर्षण का केंद्र।
- और, प्रदेश में प्रकाश पर्व त्यौहार दीपावली की धूम। "वोकल फॉर लोकल" अभियान के तहत लोग स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे।